भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 1675

(जिसका उत्तर सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक) को दिया गया)

कंपनियों के बोर्ड में महिला निदेशक

1675. श्री एस. वेंकटेशनः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की संख्या कितनी है और उक्त कंपनियों की संख्या कितनी है;

(ख) ऐसी सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या कितनी है जिनके बोर्ड में कोई महिला निदेशक नहीं है;

(ग) उन सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या कितनी है जिनके निदेशक मंडल में अधिकांश महिलाएं हैं;

(घ) उन सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या कितनी है जिनके निदेशक मंडल में 30 प्रतिशत महिलाएं हैं; और

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में कुल महिला निदेशकों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): सूचीबद्ध कंपनियां भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विनियमित होती हैं। सेबी ने निम्नवत सूचित किया हैः

ऐसी कंपनियों की संख्या के साथ सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की संख्या

विवरण	31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार
सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की संख्या	4,741
सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या	3,232

नोटः उपर्युक्त तालिका में दर्ज आंकड़े में आईबीसी कंपनियां (92) शामिल नहीं हैं।

(ख): ऐसे 39 सूचीबद्ध कंपनियां हैं जिनके बोर्डों में कोई महिला निदेशक नहीं है।

(ग): ऐसे 33 सूचीबद्ध कंपनियां हैं जिनके बोर्डों में अधिकांश महिलाएं हैं।

(घ): ऐसे 618 सूचीबद्ध कंपनियां हैं जिनके बोर्डों में 30 प्रतिशत महिलाएं हैं।

(ङ): पिछले 5 वर्षों के दौरान सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में कुल महिला निदेशकों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

विवरण	**31 मार्च, 2019 तक**	**31 मार्च, 2020 तक**	**31 मार्च, 2021 तक**	**31 मार्च, 2022 तक**	**31 मार्च, 2023 तक**
सूचीबद्ध कंपनियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की संख्या	3941	4054	4187	4450	4741

*****